SAI TUTORIALS

Std.: 8 (English) **Hindi** **Marks: 30**

Date: 24-12-23 **SVPV,VEDANT,COSMO,XAVIERS,CARMEL** **Time: 1 HR**

Chapter:

Q.1 **निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग लगाकर नए शब्द लिखो।** **2**

1 i. नुभव
- ....

ii. नुसार
- ....

2 i. ईमान
- ....

ii. गम
- ....

Q.2 **निम्नलिखित वाक्यों में से शब्दयुग्म पहचानकर लिखिए।** **1**

1 लोग अपने स्वार्थ के लिए क्या – क्या नहीं करते।

Q.3 **परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए - (गद्य)** **8**

1 **A1)** अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए। 2

1)



2)

i. लकड़हारा इसके पास आकर रूक जाता है - ________

ii.लकड़हारे के हाथ में यह वस्तु है - ________

		(एक लकड़हारा टहलता हुआ मंच पर आता है। लकड़हारे के हाथ में कुल्हाड़ी है। वह पेड़ के पास आकर रुक जाता है।)
लकड़हारा	:	**(पेड़ को देखकर)** चलो, आज इसी पेड़ को काटें। इससे आज की रोटी का इंतजाम हो जाएगा। **(पेड़ की डाल काटने के लिए कुल्हाड़ी चलाता है पर कुल्हाड़ी हाथ से छूटकर नदी में गिर जाती है।)**
लकड़हारा	:	**(चिंतित एवं दुखी स्वर में)** हे भगवान ! मेरी कुल्हाड़ी .... पानी गहरा है, तैरना आता नहीं । कैसे काटूँगा, क्या बेचूँगा ? आज बच्चे क्या खाएँगे ? **(इसी बीच भगवान ग्रामीण व्यक्ति का वेश धारण कर मंच पर आते हैं।)**
ग्रामीण	:	बड़े दुखी लग रहे हो। क्या हुआ?
लकड़हारा	:	**(दुख भरे शब्दों में)** क्या कहूँ भाई, अचानक मेरी कुल्हाड़ी नदी के गहरे पानी में गिर पड़ी। मेरा तो सब कुछ चला गया।
ग्रामीण	:	हाँ भाई, तुम्हारा कहना तो ठीक है।
लकड़हारा	:	भाई, तुम मेरी मदद कर सको तो बड़ा उपकार होगा।
ग्रामीण	:	ठीक है... तुम दुखी मत होओ। मैं कोशिश करता हूँ। **(यह कहकर ग्रामीण नदी में कूदा और एक चाँदी की कुल्हाड़ी निकालकर बाहर आया।)** अरे भाई, तुम कितने भाग्यवान हो। लो, तुम्हारी चाँदी की कुल्हाड़ी।
लकड़हारा	:	नहीं भाई, यह कुल्हाड़ी मेरी नहीं है।
ग्रामीण	:	ठीक है। एक बार फिर कोशिश करता हूँ। **(नदी में फिर कूदता है और सोने की कुल्हाड़ी निकालकर बाहर आता है।)**
लकड़हारा	:	**(आश्चर्य से)** क्या कुल्हाड़ी मिल गई भाई !

ग्रामीण	**:**	हाँ, मिल गई। लो यह सोने की कुल्हाड़ी।

A2) i) निम्न शब्दों के लिए प्रश्न तैयार कीजिए। 1

i. कुल्हाड़ी।
ii.ग्रामीण।

ii) निम्नलिखित वाक्य सत्य या असत्य हैं पहचानकर लिखिए | 1

i. पानी बहुत गहरा था।
ii.लकड़हारे को तैरना आता था।

A3) i) प्रत्यय एवं उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए। 1

i. ग्राम – ....
ii.भाग्य - ....

ii) समानार्थी शब्द अनुच्छेद से ढूँढकर लिखिए। 1

i. नदी - ....
ii.मदद - ....

A4) स्वमत 2

"पेड़ों का महत्व" इस कथन पर अपने विचार प्रकट करो।

Q.4 परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए - (पद्य) 6

1 **A1)** i) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए | 1

1) आशाओं की छाँह में मुस्काएँ – ______

2) इंसान का संबंध न हो – ______

ii) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए | 1

[ ] ← धरती का श्रृंगार हो → [ ]

धरती का आँगन महके कर्मज्ञान-विज्ञान से ।
ऐसी सरिता करो प्रवाहित खिले खेत सब धान से ।।

अभिलाषाएँ नित मुसकाएँ आशाओं की छाँह में,
पैरों की गति बँधी हुई हो विश्वासों की राह में ।

शिल्पकला-कुमुदों की माला वक्षस्थल का हार हो,
फूल-फलों से हरी-भरी इस धरती का श्रृंगार हो ।

चंद्रलोक या मंगल ग्रह पर चढ़ें किसी भी यान से,
किंतु न हो संबंध विनाशक अस्त्रों का इनसान से ।

A2) i) निन्मलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए | 1

भूमि - ....

ii) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए | 1

मानव चंद्रलोक और मंगल ग्रह पर चढ़े – ______

A3) भावार्थ लिखिए । 2

धरती का आँगन महके कर्मज्ञान - विज्ञान से ।
ऐसी सरिता करो प्रवाहित खिले खेत सब धान से।। अभिलाषाएँ नित मुसकाएँ आशाओं की छाँह मे,
पैरों की गति बँधी हुई हो विश्वासों की राह में।

Q.5 मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए 2

1 पूर्ण भयावह होना ।

2 घोड़े बेचकर सोना

Q.6 वाक्य शुद्ध करके फिर से लिखिए 2

1 प्रतिभा की पैमाना मेधा का ऊँचाई नापता है।

2 रमन का पापा दरवाजे पर मिल गया।

Q.7 सहायक क्रियाएँ पहचानकर लिखिए **2**

1 उसके पास ढेर सारा गेहूँ तैयार हो गया।

2 वह कक्षा में चुप रहता है|

Q.8 वाक्य में यथास्थान विरामचिन्हो का प्रयोग कीजिये **2**

1 पेड़ को देखकर चलो आज इसी पेड़ को काटें

2 जिससे सपूत उपजे श्री राम कृष्ण जैसे

Q.9 निम्नलिखित मुद्दों के आधार से लगभग 50 से 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए **5**

1 किसी सौदंर्य साबुन के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए |